कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बहराइच।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र सं0— 14 / एडमिन 'डी' दिनांक 15.10.2022 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, बहराइच में विभिन्न संवर्ग में निम्न रिक्त पदों पर जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति (Re-appointment) हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष से कम है, निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 15.12.2022 तक प्रशासनिक कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है:—

क्र0 सं0	पदनाम	वेतनमान	रिक्त पदों की संख्या
1—	प्रधान सहायक	35400—112400 लेवल—6	05
2—	वरिष्ठ सहायक	2900—92300 लेवल—5	71
3—	कनिष्ठ सहायक	21700—69100 लेवल—3	08
4—	स्टेनोग्राफर ग्रेड—3	2900—92300 लेवल—5	15
5—	दफ्तरी / बण्डल लिफ्टर	18000—56900 लेवल—1	01
6—	आदेशिका वाहक	18000—56900 लेवल—1	07
7—	अर्दली / आफिस प्यून / फर्राश	18000—56900 लेवल—1	28
8—	चौकीदार / वाटरमैन	18000—56900 लेवल—1	02
9—	स्वीपर	18000—56900 लेवल—1	02
10—	ट्यूबेल ऑपरेटर	18000—56900 लेवल—1	01

माननीय उच्च न्यायालय के उपरोक्त परिपत्र में दिये गये निर्देश के अनुसार पुर्ननियुक्ति निम्न शर्तों के अधीन होगीः—

1— सेवानिवृत्त कर्मचारी की आयु 65 वर्ष से कम हो।

2— पुनर्नियुक्ति अधिकतम एक वर्ष अथवा रिक्त पद भरे जाने तक अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, तक के लिए की जायेगी।

3— पुनर्नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारी को वेतन के रूप में, उसके सेवानिवृत्ति के दिनांक को प्राप्त वेतन में से आहरित की जा रही पेंशन की धनराशि को घटाकर, शेष धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त कर्मचारी की पुनर्नियुक्ति जनपद न्यायाधीश, बहराइच द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।

विज्ञप्ति की एक प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय। सिस्टम आफिसर विज्ञप्ति जनपद न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

विज्ञप्ति की एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, बहराइच को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित।

प्रभारी अधिकारी प्रशासन/
प्रथम अपर जिला जज, बहराइच।
29.11.2022

आवेदन का प्रारूप

स्वाहस्ताक्षरित
फोटो चस्पा करें।

1– आवेदित पद का नाम–	
2– आवेदक का नाम–	
3– आवेदक के पिता का नाम–	
4– आवेदक की जन्म तिथि व आयु (दिनांक 01.12.2022 को)	
5– सेवानिवृत्ति का दिनांक–	
6– अंतिम धारित पदनाम व न्यायालय का नाम–	
7– अंतिम वेतनमान व प्राप्त मूल वेतन–	
8– निर्धारित पेंशन की धनराशि –	
9– पी0पी0ओ0 नम्बर (छायाप्रति संलग्न करें)–	
10– फोटोयुक्त पहचान–पत्र संख्या– (छायाप्रति संलग्न करें)–	
11– पत्र व्यवहार का पता–	
12– मोबाइल नम्बर–	
13– ई–मेल आई0डी0 (यदि हो)	
14– गैर न्यायिक जॉच का विवरण (यदि कोई लम्बित हो तो)	
15– आपराधिक वाद का विवरण (यदि कोई लम्बित हो तो)	

घोषणा

मैं .... पुत्र ....

घोषण करता/करती हूँ कि उपरोक्त अंकित सूचनाएं सही व सत्य हैं। मेरे द्वारा कोई तथ्य छुपाया अथवा गलत अंकित नहीं किया गया है। यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञान में आता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाय, जिसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

हस्ताक्षर ....

नाम ....

दिनांक व स्थान ....